वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 17.08.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला, दैनिक जागरण, आज, जागरूक एक्सप्रेस, न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

अमर उजाला–दि0 17.08.2024

19 बीघा अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर

वाराणसी। वीडीए की टीम ने शुक्रवार को जोन चार, पांच और दो में अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। वीडीए वीसी पुलकित गर्ग ने बताया कि वार्ड रामनगर के मौजा भीटी थाना-रामनगर सात बीघा में अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। यहां ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। सारनाथ के फरीदपुर में आठ बीघा पर अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। यहां ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इसी तरह नगवा के आनंद बिल में कार्रवाई की गई। यहां चार बीघा जमीन पर अवैध प्लॉटिंग कर रहे थे। ब्यूरो

दैनिक जागरण–दि0 17.08.2024

स्वतंत्रता दिवस पर विकास प्राधिकरण कार्यालय में पौधारोपण करते वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग। साथ वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा समेत अन्य● स्रोत: स्वयं

आज–दि0 17.08.2024

१९ बीघा प्लाटिंग पर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर शुक्रवार को वार्ड रामनगर मौजा-भिटी में सात बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। मौके पर पहुंचे अवर अभियंता ने आवश्यक जांच-पड़ताल की तो उन्हें जानकारी हुई कि प्लाटिंग के कार्य के लिये विप्रा से ले-आऊट पास नही कराया गया। जोनल अधिकारी श्री प्रकाश कुमार, अवर अभियंता पीएन दूबे, क्षेत्रीय सुपरवाइजर, थाने की पुलिस के अलावा प्रवर्तन दल ने जेसीबी के संयोग से प्लाट में हुये निर्माण को ध्वस्त करा दिया। सारनाथ वार्ड मौजा-फरीदपुर में आठ बीघा जमीन पर प्लाटिंग की जा रही थी। जानकारी के अनुसार जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता जय प्रकाश पुलिस और सुपरवाइजर के मौजूदगी में जेसीबी के माध्यम से प्लाटिंग में हो रहे निर्माण को ध्वसत कर दिया गया। इसी तरह नगवां वार्ड के मौजा-नकाई-पहाड़ी में चार बीघा जमीन पर प्लाटिंग हो रही थी। शिकायत के आधार पर जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी, अवर अभियंता राकेश कुमार सिंह, स्थानीय पुलिस के सहयोग से जेसीबी से प्लाट में हुये निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

जागरूक एक्सप्रेस–दि0 17.08.2024

वीडीए में भी मना स्वतंत्रता दिवस

वाराणसी। 78वें स्वतंत्रता दिवस के पर्व पर वाराणसी विकास प्राधिकरण में प्रातः 8 बजे उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, सचिव वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव गुणाकेश शर्मा, संयुक्त सचिव, परमानंद यादव, नगर नियोजक, प्रभात कुमार एवं अधिशासी अभियंता व अन्य समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान का सस्वर पाठ किया गया।

न्यायाधीश–दि0 17.08.2024

चित्रकला प्रतियोगिता में सम्मानित किये गये विजयी प्रतिभागी

वाराणसी।वाविप्रा के स्थापना को 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वी0डी0ए0 उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा हैं ।जिसके क्रम में आज तीसरे दिन 16अगस्त को सेंट फ्रांसिस जेवियर्स स्कूल व डालिम्स सनबीम स्कूल में शहरीय विकास को ध्यान में रखते हुए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । उक्त प्रतियोगिता में सेंट फ्रांसिस जेवियर्स स्कूल से विवेक सिंह प्रथम स्थान , सौम्या मोदनवाल द्वितीय स्थान तथा तनु यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इसी क्रम में डालिम्स सनबीम स्कूल से पायल यादव प्रथम स्थान, आद्या माहेश्वरी द्वितीय स्थान व आर्या जयसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ट वी0डी0ए0 द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में ङप्रथम स्थान को प्रमाण पत्र, स्मार्ट वाच व शील्ड , द्वितीय स्थान को प्रमाण पत्र, इलेक्ट्रिक लैंप व शील्ड तथा तृतीय स्थान को प्रमाण पत्र, स्कूल बैग व शील्ड से पुरस्कृत किया गया तथा अन्य प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र दिया गया।प्रतियोगिता के दौरान वी0 डी0 ए0 से पी0आर0ओ0 पियूष श्रीवास्तव ,पी0 आर0 ई0 सुष्मिता शर्मा व मयंक सिंह उपस्थित रहें ।

Go to Settings to activate Windows